संवेदनहीनता की पराकाष्ठा

सीवर में मौत पंकज चतुर्वेदी

केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा कराए गए एक सोशल ऑडिट की ताजा रिपोर्ट से बेहद दर्दनाक सच्चाई सामने आई है कि सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जान गंवाने वाले 90% से ज्यादा मजदूरों के पास किसी भी तरह के सुरक्षा उपकरण नहीं थे। जांचकर्ताओं ने 2022-23 के बीच 8 राज्यों के 17 जिलों में हुई में हुई 54 मौतों की गहराई से पड़ताल की। पाया कि 54 मौतों में से 49 मामलों में मजदूरों ने कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं पहना था। पांच मामलों में उनके पास दस्ताने थे और सिर्फ एक मामले में दस्ताने और गमबूट, दोनों थे।

इससे भी ज्यादा गंभीर बात यह है कि 47 मामलों में मजदूरों को सफाई के लिए कोई भी मशीनी उपकरण नहीं दिया गया था। यही नहीं, 27 मामलों में तो मजदूरों से काम के लिए सहमति तक नहीं ली गई थी और जिन 18 मामलों में लिखित सहमति ली भी गई, वहां उन्हें काम में शामिल जान के खतरों के बारे में कुछ नहीं बताया गया। सरकार ने संसद में स्वीकार किया कि 'नमस्ते' योजना के तहत 'खतरनाक तरीके से सीवर की सफाई' की समस्या के निराकरण पर काम करना बचा है। नमस्ते योजना के तहत अब तक देश भर में 84,902 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की पहचान की गई है, जिनमें से आधे से कुछ ज्यादा को ही पीपीई किट और सुरक्षा उपकरण दिए गए हैं।

विदित हो कोई पांच साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि यदि सीवर की सफाई के दौरान श्रमिक मारे जाते हैं, तो उनके परिवार को सरकारी अधिकारियों को 30 लाख रुपये मुआवजा देना होगा। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने साथ ही कहा था कि सीवर की सफाई के दौरान स्थायी विकलांगता का शिकार होने वालों को न्यूनतम मुआवजे के रूप में 20 लाख रुपये और अन्य किसी विकलांगता से ग्रस्त होने पर 10 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। यह आदेश भी क्रियान्वयन के धरातल पर उतर नहीं पाया क्योंकि सीवर की सफाई करने वालों में से अधिकांश को कार्य सौंपने का कोई दस्तावेज ही नहीं होता।

सीवर के मौतघर बनने का कारण सीवर की जहरीली गैस बताया जाता है। हर बार कहा जाता है कि यह लापरवाही

का मामला है। पुलिस ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर कर्त्तव्य की इतिश्री कर लेती है। शायद यह पुलिस को भी नहीं मालूम है कि इस तरह सीवर सफाई का ठेका देना हाई कोर्ट के आदेश के विपरीत है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और मुंबई हाई कोर्ट ने 12 साल पहले सीवर की सफाई के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। सरकार ने भी 2008 में अध्यादेश ला कर गहरे सीवर में सफाई का काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा उपकरण प्रदान करने की अनिवार्यता की बात कही थी। लेकिन समस्या यह है कि अधिकांश मामलों में मजदूरों को काम पर लगाने का कोई रिकार्ड ही नहीं होता। सिद्ध करना मुश्किल होता है कि अमुक को अमुक ने इस काम के लिए बुलाया था या काम सौंपा था। अनुमान है कि हर साल देश भर के सीवरों में औसतन एक हजार लोग दम घुटने से मरते हैं। जो दम घुटने से बच जाते हैं, उनका जीवन सीवर की विषैली गंदगी के कारण नरक से भी बदतर हो जाता है। देश में दो लाख से अधिक लोग जाम सीवरों को खोलने, मेनहोल में घुस कर जमा गाद, पत्थर हटाने के काम में लगे हैं। महीनों से बंद पड़े इन नरक कुंडों में कार्बन मोनो आक्साइड, हाईड्रोजन सल्फाइड, मीथेन जैसी दमघोटू गैसें होती हैं।

यह शर्मनाक पहलू यह है कि जानते हुए भी कि भीतर जानलेवा गैस और रसायन हैं, एक इंसान दूसरे इंसान को बगैर सुरक्षा-साधनों के भीतर ढकेल देता है। सीवरों में घरेलू निस्तार ही नहीं होता, उनमें कारखानों की गंदगी भी होती है। आज घर भी विभिन्न रसायनों के प्रयोग स्थल बन चुके हैं। इनसे निकसित पानी में ग्रीस-चिकनाई, क्लोराइड और सल्फेट, पारा, सीसा के यौगिक, अमोनिया गैस और न जाने क्या-क्या होता है। सीवरेज के पानी के संपर्क में आने पर सफाईकर्मी के शरीर पर छाले या घाव पड़ना आम है। नाइट्रेट और नाइट्राइड के कारण दमा और फेफड़े के संक्रमण होने की प्रबल आशंका होती है। सीवर के भीतर का अधिक तापमान इन घातक प्रभावों को कई गुना बढ़ा देता है। बदबू ,गंदगी और रोजगार की अनिश्चितता में जीने वाले इन लोगों का शराब व अन्य नशों की गिरफ्त में आना लाजिमी है, जो गंभीर बीमारियों को खुला न्योता है।

वैसे कानून है कि सीवर सफाई करने वालों को गैस -टेस्टर (जहरीली गैस की जांच का उपकरण), गंदी हवा बाहर फेंकने के लिए ब्लोअर, टॉर्च, दस्ताने, चश्मा, कान ढंकने का कैप, हैलमेट मुहैया करवाना आवश्यक है। मुंबई हाई कोर्ट का निर्देश था कि सीवर की सफाई का काम ठेकेदारों के माध्यम से कतई नहीं करवाना चाहिए। काश! कानून इतनी कड़ाई से लागू हों कि मुआवजा देने की नौबत आए ही नहीं व सफाई कार्य से पहले ही जिम्मेदार एजेंसियां सुरक्षा उपकरण और कानून के प्रति संवेदनशील हों।

The News Minutes

NHRC seeks report on deaths due to food poisoning in Telangana Gurukul schools

The National Human Rights Commission (NHRC) has sought a report within four weeks on the death of around 48 students and 886 incidents of food poisoning in Gurukul (residential) schools in Telangana

https://www.thenewsminute.com/telangana/nhrc-seeks-report-on-deaths-due-to-food-poisoning-in-telangana-gurukul-schools

Written by: IANS Published on: 30 Jul 2025, 9:37 am

The National Human Rights Commission (NHRC) has sought a report within four weeks on the death of around 48 students and 886 incidents of food poisoning in Gurukul (residential) schools in Telangana

Secretaries of five societies, running the residential schools for students from Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Backward Classes and Minorities, have been directed to submit the report.

This was one of 109 cases of human rights violations in Telangana heard by the NHRC during its two-day ‘Open hearing and Camp Sitting’, which concluded here on Tuesday.

NHRC Chairperson, Justice Shri V. Ramasubramanian, Members, Justice (Dr.) Bidyut Ranjan Sarangi and Vijaya Bharathi Sayani heard the cases in the presence of the victims, complainants and the authorities.

In a case regarding the increasing stray dog menace, which was presented by a 5th standard student, the Commission directed the concerned authorities to come up with an SOP to curb the menace.

Out of Rs. 49.65 lakh recommended by the Commission in nine cases, Rs. 22.50 lakh was paid by the Telangana government, with the assurance to pay the remaining amount of Rs. 27.15 lakh.

In an incident involving the death of four persons in a blast at a DRDO-linked rocket propellant unit, three out of four families have been paid Rs. 50 lakh as relief, and the Commission has ordered payment of relief to the remaining victim’s family.

In a case of wrongful arrest and lathi charge by the police, the NHRC directed the state government to submit all relevant documents, including environmental clearance and consent to establish the plant.

In a case regarding the trafficking of tribal women, the erring constable has been dismissed from the service, and many trafficked tribal women have been rescued.

The Commission on Tuesday held a meeting with the Chief Secretary, Director General of Police and other senior officers of the Telangana government on various aspects of

human rights. They were sensitised on the implementation of policies and programmes of the government in such a manner that no one is left out.

Emphasis was laid on preventive and systemic steps to be taken so that human rights are not violated. It was underscored that human rights concerns impacted by the environment, climate change, and business needed to be addressed.

Issues like crime against women, crime against children, man-animal conflict leading to deaths in many districts of Telangana, large number of children suffering from malnutrition, problems faced by the SC Corporation, lack of government primary schools, the plight of farmers including those engaged in the production of fish seeds, the rights of the LGBTQI community, etc. were discussed.

Later, the Commission also interacted with the representatives of civil society, NGOs and human rights defenders (HRDs). The Commission reiterated that it believes in working in tandem with SHRCs and the civil society representatives for the protection and promotion of human rights. NGO representatives and HRDs highlighted various issues like problems of the elderly, disabled persons, bedridden patients, etc.

Justice V. Ramasubramanian observed that the continued partnership of the NGOs and HRDs with the National Human Rights Commission will go a long way in strengthening human rights in the country.

They were also informed that they can file complaints of human rights violations online through hrcnet.nic.in

Dr. Justice Shameem Akther, Chairperson of the Telangana State Human Rights Commission, was present in all the meetings.

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

NEW INDIAN EXPRESS, Online, 31.7.2025

Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

The New Indian Express

NHRC hearing in Hyderabad flags trafficking, custodial deaths, welfare lapses; 780 cases pending in Telangana

The proceedings were conducted across two division benches and a Full Commission sitting.

https://www.newindianexpress.com/states/telangana/2025/Jul/30/nhrc-hearing-in-hyderabad-flags-trafficking-custodial-deaths-welfare-lapses-780-cases-pending-in-telangana

Khyarti Shah | Updated on: 30 Jul 2025, 9:45 am

3 min read

HYDERABAD: Apart from the trafficking of tribal women in Kumuram Bheem Asifabad district that was reported exclusively by this newspaper, wrongful detentions, caste-based exclusion, custodial deaths, and lapses in welfare delivery dominated the two-day sitting of the National Human Rights Commission (NHRC), which concluded in Hyderabad on Tuesday.

Over the course of the hearings, 109 cases from across Telangana were taken up, and 87 of them resolved. The proceedings were conducted across two division benches and a Full Commission sitting. Division Bench-I heard 36 cases, while Division Bench-II heard 51. Nineteen high-priority cases, including custodial death and compensation matters, were handled by the Full Commission.

The Commission took up the case of the trafficking of single, widowed and financially distressed tribal women under the pretext of marriage and employment, and selling them to buyers in other states. The report led to the dismissal of a police constable and the rescue of several victims.

Among the other cases heard was that of a juvenile who was kept in regular jail for 40 days before being transferred to a juvenile home. The NHRC directed that compensation should be paid to the family and called for a review of procedures followed by the police and child welfare authorities.

In Khammam, where a family had reportedly been subjected to a social boycott, the NHRC directed local police to ensure immediate action against caste-based exclusion.

Another case involved 48 students hospitalised due to food poisoning in government-run Gurukul schools. The NHRC instructed five concerned secretaries to submit detailed reports within four weeks.

In a fatal workplace accident at a DRDO-linked rocket propellant unit, four workers were killed. The Commission awarded `50 lakh each as compensation to three of the four families.

A case involving the rape and murder of a Dalit girl led to the release of `3.5 lakh as interim compensation. The Commission clarified that such compensation is based on the nature of the crime and not contingent upon final conviction.

One complaint was lodged by a Class 5 student regarding stray dog attacks in residential areas. In response, the NHRC asked local bodies to prepare an SOP to address animal control issues, particularly in vulnerable neighbourhoods. In other matters, tiger attacks in forest regions and failures in pension and nutrition delivery in hostels were also discussed.

Of the 109 cases heard, 22 concerned wosmen's safety, including cases of rape, sexual assault and trafficking. "Many daily complaints we receive involve gender-based violence and child rights violations," an NHRC official told TNIE, adding that the Commission receives around 250 complaints each day.

During the hearings, officials disclosed that 780 NHRC cases from Telangana remain pending. These include four deaths in police custody and approximately 30 in judicial custody. Nationwide, 35,685 cases are pending with the Commission.

The NHRC also reviewed a growing number of suo motu cases taken up in recent years: 17 in 2021, 33 in 2022, 77 in 2023, and 105 in 2024.

As of July 2025, over 50 such cases have been registered this year.

On the sidelines of the hearings, the NHRC held a closed-door meeting with the chief secretary, DGP and departmental secretaries. Officials were asked to submit status reports on action taken in response to previous NHRC advisories. Key topics included hostel conditions, education access for tribal children, pensions for senior citizens and persons with disabilities, and mechanisms for protecting women and children.

The Commission noted that several issues raised had appeared repeatedly in earlier sittings and warned of possible further inquiry if remedial action was delayed.

780 NHRC cases from TG remain pending

Officials disclosed that 780 NHRC cases from Telangana remain pending. These include four deaths in police custody and approximately 30 in judicial custody. Nationwide, 35,685 cases are pending with the Commission. The NHRC also reviewed a growing number of suo motu cases taken up in recent years.

NHRC

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत ने हैदराबाद में अपनी दो दिवसीय जन सुनवाई और शिविर बैठक का समापन किया: इस दौरान 109 मामलों की सुनवाई हुई

प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

https://nhrc.nic.in/media/press-release/%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%B7%E0%A5%8D%E0%A4%9F%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80%E0%A4%AF-%E0%A4%AE%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A4%B5-%E0%A4%85%E0%A4%A7%E0%A4%BF%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0-%E0%A4%86%E0%A4%AF%E0%A5%8B%E0%A4%97-%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%A4-%E0%A4%A8%E0%A5%87-%E0%A4%B9%E0%A5%88%E0%A4%A6%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%AC%E0%A4%BE%E0%A4%A6-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%85%E0%A4%AA%E0%A4%A8%E0%A5%80-%E0%A4%A6%E0%A5%8B-%E0%A4%A6%E0%A4%BF%E0%A4%B5%E0%A4%B8%E0%A5%80%E0%A4%AF-%E0%A4%9C%E0%A4%A8-%E0%A4%B8%E0%A5%81%E0%A4%A8%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%88-%E0%A4%94%E0%A4%B0

हैदराबाद: 29 जुलाई, 2025

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत ने हैदराबाद में अपनी दो दिवसीय जन सुनवाई और शिविर बैठक का समापन किया: इस दौरान 109 मामलों की सुनवाई हुई

आयोग द्वारा 9 मामलों में अनुशंसित 49.65 लाख रुपये में से, तेलंगाना सरकार द्वारा 22.5 लाख रुपये का भुगतान किया गया और शेष 27.15 लाख रुपये का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया।

तेलंगाना राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों ने महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर समूहों के खिलाफ अपराध से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता का प्रसार किया ।

आयोग ने साझेदारी को मजबूत करने के लिए नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और मानव अधिकार संरक्षकों के साथ भी बातचीत की।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत ने आज तेलंगाना राज्य में मानव अधिकार उल्लंघन के 109 मामलों की सुनवाई के बाद हैदराबाद में अपनी दो दिवसीय 'जन सुनवाई और शिविर बैठक' का समापन किया। एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री वी. रामसुब्रमण्यन, सदस्य न्यायमूर्ति (डॉ.) बिद्युत रंजन सारंगी और श्रीमती विजया भारती सयानी ने पीड़ितों, शिकायतकर्ताओं और अधिकारियों की उपस्थिति में मामलों की सुनवाई की। इस दौरान महासचिव श्री भरत लाल, महानिदेशक (अन्वेषण) श्री आर.पी. मीणा, रजिस्ट्रार (विधि) श्री जोगिंदर सिंह और आयोग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जन सुनवाई के दौरान, आयोग की दोनों पीठों ने 90 मामलों की सुनवाई की। ये मामले आग लगने के कारण अस्पतालों में बच्चों की मौत, आवासीय क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, आग लगने की घटनाओं से हुई मौतें, बाघ के हमलों के मामले, आदिवासी महिलाओं का दुर्व्यापार, आदिवासी परिवारों को जबरन बेदखल करना, बुनियादी मानवीय सुविधाओं से वंचित करना, बलात्कार सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, बच्चों के खिलाफ अपराध, पुलिस अत्याचार, आत्महत्या से होने वाली मौतें, दलित बंधु योजना निधि का दुरुपयोग, पारिवारिक पेंशन के मामले, प्राथमिक विद्यालयों की कमी, गुरुकुल स्कूलों में विषाक्त भोजन, कुपोषण के मामले, पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करना आदि से संबंधित थे।

आयोग ने मामले पर गुण-दोष के आधार पर विचार करने के बाद उचित निर्देश पारित किए। दी गई कई महत्वपूर्ण राहतों में से कुछ इस प्रकार हैं:

• खम्मम जिले में जाति-आधारित उत्पीड़न और सामाजिक बहिष्कार के एक मामले में, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद, पुलिस ने कार्रवाई की और यह सुनिश्चित किया कि ग्रामीण जाति-आधारित भेदभाव न करें या परिवार के खिलाफ सामाजिक बहिष्कार लागू न करें।

• तेलंगाना के गुरुकुल स्कूलों में लगभग 48 छात्रों की मौत और 886 खाद्य विषाक्तता की घटनाओं से जुड़े एक मामले में, आयोग ने सभी पाँच गुरुकुल स्कूलों के सचिवों को चार सप्ताह के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

• पुलिस द्वारा गलत तरीके से गिरफ्तारी और लाठीचार्ज के एक अन्य मामले में, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने राज्य सरकार को संयंत्र स्थापित करने के लिए पर्यावरणीय मंजूरी और सहमति सहित सभी प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

• डीआरडीओ से जुड़ी एक रॉकेट प्रोपलेंट यूनिट में हुए विस्फोट में चार लोगों की मौत से जुड़ी एक घटना में, चार में से तीन परिवारों को कुल 50 लाख रुपये की राहत राशि जारी की गई है और आयोग ने शेष पीड़ित परिवार को भी राहत राशि देने का आदेश दिया है।

• बढ़ते आवारा कुत्तों के खतरे से संबंधित एक मामले में, जो पाँचवीं कक्षा के एक छात्र द्वारा प्रस्तुत किया गया था, आयोग ने संबंधित अधिकारियों को इस खतरे को रोकने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्देश दिया।

• आदिवासी महिलाओं के दुर्व्यापार से संबंधित एक मामले में, दोषी कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है और दुर्व्यापार की शिकार कई आदिवासी महिलाओं को बचाया गया है।

बाद में, आयोग की पूर्ण पीठ ने 19 लंबित मामलों की सुनवाई की। इनमें से 9 मामलों में, आयोग ने पीड़ितों को 49.65 लाख रुपये की आर्थिक राहत देने की सिफ़ारिश की। इसमें से 22.50 लाख रुपये तेलंगाना सरकार द्वारा पहले ही भुगतान किए जा चुके हैं। शेष 27.15 लाख रुपये का भुगतान करने पर यह सहमत हो गया है।

दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद, आयोग ने 29 मामलों को गुण-दोष के आधार पर बंद कर दिया। 2 मामलों को भुगतान के प्रमाण सहित अनुपालन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बंद कर दिया गया।

28 जुलाई, 2025 को मामलों की सुनवाई के बाद, आयोग ने 29 जुलाई, 2025 को तेलंगाना सरकार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मानव अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर एक बैठक की। उन्हें सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बारे में इस तरह से जागरूक किया गया कि कोई भी व्यक्ति छूट न जाए। मानव अधिकारों का उल्लंघन न हो, इसके लिए निवारक और व्यवस्थित कदम उठाने पर ज़ोर दिया गया। इस बात पर ज़ोर दिया गया कि पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और व्यवसाय से प्रभावित मानव अधिकार संबंधी चिंताओं का समाधान किया जाना आवश्यक है।

महिलाओं के विरुद्ध अपराध, बच्चों के विरुद्ध अपराध, तेलंगाना के कई ज़िलों में मानव-पशु संघर्ष के कारण होने वाली मौतें, बड़ी संख्या में कुपोषण से पीड़ित बच्चे, अनुसूचित जाति निगम की समस्याएँ, सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की कमी, मछली के बीज उत्पादन में लगे किसानों सहित किसानों की दुर्दशा, एलजीबीटीक्यूआई समुदाय के अधिकार आदि जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

आयोग ने राज्य के पदाधिकारियों द्वारा अपने निर्देशों के अनुपालन की सराहना की। अधिकारियों ने आयोग के समक्ष अपनी अच्छी कार्यप्रणाली प्रस्तुत की। उन्हें आयोग को समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया ताकि मानव अधिकार पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित हो सके। आयोग के विभिन्न परामर्शों जैसे मानसिक स्वास्थ्य, बंधुआ मज़दूरी, भोजन और सुरक्षा के अधिकार पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ज़ोर दिया गया। राज्य के मुख्य सचिव ने आयोग की सिफारिशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया।

बाद में, आयोग ने नागरिक समाज, गैर सरकारी संगठनों और मानव अधिकार संरक्षकों (HRD) के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की। आयोग ने दोहराया कि वह मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य मानव अधिकार आयोगों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने में विश्वास रखता है। गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों और मानव संसाधन विकास (एचआरडी) ने बुजुर्गों, दिव्यांगों, बिस्तर पर पड़े मरीजों आदि की समस्याओं जैसे विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की देखभाल करने वालों के लिए वित्तीय सहायता की भी मांग की। गरीब बच्चों को उनके पहचान पत्र न मिलने की समस्याओं पर भी प्रकाश डाला गया। आयोग ने राज्य में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें बिना किसी भय या पक्षपात के ऐसा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएचआरसी के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन की इस टिप्पणी के साथ बातचीत समाप्त हुई कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के साथ गैर-सरकारी संगठनों और मानव अधिकार संरक्षकों (एचआरडी) की निरंतर साझेदारी देश में मानवाधिकारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्हें यह भी बताया गया कि वे hrcnet.nic.in के माध्यम से मानव अधिकार उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

तेलंगाना राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति डॉ. शमीम अख्तर सभी बैठकों में उपस्थित थे।

इसके बाद, आयोग ने हैदराबाद, तेलंगाना में जन सुनवाई और शिविर बैठक के परिणामों के बारे में मीडिया को जानकारी दी।

Janta Se Rishta

NHRC ने तेलंगाना में 31 अधिकार मामलों को बंद कर दिया |

https://jantaserishta.com/local/telangana/nhrc-closes-31-rights-cases-in-telangana-4180390

July 30, 2025

राज्य / तेलंगाना / NHRC ने तेलंगाना में...

Hyderabad हैदराबाद: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग The National Human Rights Commission (एनएचआरसी) ने 28 और 29 जुलाई को हैदराबाद में आयोजित दो दिवसीय खुली सुनवाई के दौरान 31 मामले बंद कर दिए। इनमें से 29 मामलों का निपटारा सुनवाई के बाद कर दिया गया, जबकि दो मामलों को अनुपालन और मुआवज़ा भुगतान के प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद बंद कर दिया गया। दो दिवसीय सत्र में 109 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें आग लगने की घटनाओं और बाघ के हमले में हुई मौतें, आदिवासी महिलाओं की तस्करी, आदिवासी परिवारों को जबरन बेदखल करना, बुनियादी सुविधाओं से वंचित करना, बलात्कार सहित महिलाओं के खिलाफ अपराध, बच्चों के खिलाफ अपराध, पुलिस ज्यादती, आत्महत्या और गुरुकुल स्कूलों में भोजन विषाक्तता जैसे मामले शामिल थे।

मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए, एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम ने कहा कि आयोग अब केवल मुआवज़े की सिफारिश करके मामलों को बंद नहीं करता। उन्होंने बताया, "अब हम उन्हें तब तक खुला रख रहे हैं जब तक हमें अनुपालन और भुगतान के प्रमाण नहीं मिल जाते।"पूरे आयोग ने 19 मामलों पर विचार किया। उनमें से नौ में, आयोग ने 49.65 लाख रुपये के मुआवज़े की सिफारिश की थी। इसमें से 22.50 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। सरकार ने शेष 27.15 लाख रुपये का भुगतान और सबूत जमा करने का आश्वासन दिया है।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने स्वतः संज्ञान मामलों में लगातार वृद्धि पर प्रकाश डाला, 2021 में 17, 2022 में 60, 2023 में 117, 2024 में 105 और इस वर्ष अब तक 50 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने इस वृद्धि का श्रेय आयोग द्वारा मीडिया पर कड़ी निगरानी को दिया। देश भर में, NHRC के समक्ष 34,685 मामले लंबित हैं। इनमें से 780 मामले तेलंगाना में हैं। अध्यक्ष ने कहा, "इनमें से चार पुलिस हिरासत के मामले हैं और 30 न्यायिक हिरासत के मामले हैं।" उन्होंने एक किशोर का उदाहरण दिया जिसे गिरफ्तार कर एक नियमित अदालत में पेश किया गया, जिसे 40 दिनों तक जेल में रखा गया था। उन्होंने कहा, "अभियोजन पक्ष का नतीजा चाहे जो भी हो, एक किशोर को 40 दिनों तक जेल में रखना अस्वीकार्य है। हमने परिवार को मुआवज़ा दिया है।"

आयोग ने महिलाओं, बच्चों, किसानों, अनुसूचित जातियों और छात्रावास के छात्रों को प्रभावित करने वाले मुद्दों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और विभागीय सचिवों सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत की। अधिकारियों को पूर्व में जारी परामर्शों पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। तेलंगाना राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. न्यायमूर्ति शमीम अख्तर ने भी इसमें भाग लिया।एनएचआरसी ने बुजुर्गों, विकलांगों, अनाथों और वंचितों सहित कमजोर समूहों की सुरक्षा में सुधार के लिए सुझाव मांगने हेतु गैर सरकारी संगठनों, कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज समूहों से मुलाकात की।

एनएचआरसी के सदस्य डॉ. न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी और विजया भारती सयानी ने भी सुनवाई में भाग लिया।

समीक्षित प्रमुख मामले

खम्मम जाति उत्पीड़न मामला

पुलिस ने जाति-आधारित भेदभाव और ग्रामीणों द्वारा एक परिवार के सामाजिक बहिष्कार को रोकने के लिए कार्रवाई की।

गुरुकुल विद्यालयों में खाद्य विषाक्तता

48 छात्रों की मृत्यु और 886 खाद्य विषाक्तता के मामलों को देखते हुए, आयोग ने सभी पाँचों फुरुकुल समितियों के सचिवों को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

गलत गिरफ्तारी और पुलिस लाठीचार्ज

सरकार को दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के निर्देश।

रॉकेट प्रणोदक इकाई विस्फोट

चार मौतों में से तीन परिवारों को 50-50 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया गया है। आयोग ने चौथे परिवार को भुगतान का आदेश दिया।

कुत्तों के आतंक की शिकायत

कक्षा 5 के एक छात्र द्वारा उठाई गई। आयोग ने अधिकारियों को इस मुद्दे के समाधान के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का निर्देश दिया।

आदिवासी महिला तस्करी का मामला

तस्करी की गई कई महिलाओं को बचाया गया और दोषी कांस्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

Janta Se Rishta

NHRC ने राज्य शासन में जवाबदेही का आह्वान किया

https://jantaserishta.com/amp/local/telangana/nhrc-calls-for-accountability-in-state-governance-4180851

By - Tulsi Rao | Update: 2025-07-30 12:58 GMT

हैदराबाद: भारतीय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हैदराबाद में दो दिवसीय शिविर और पूर्ण आयोग की सुनवाई का समापन किया, जिसमें तेलंगाना भर में मानवाधिकार उल्लंघन के कुल 109 मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। ये सत्र संस्थागत सुधार, राज्य पदाधिकारियों के संवेदीकरण और सहयोगात्मक न्याय प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुए।

कार्यवाही के दौरान मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और विभाग प्रमुखों सहित वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे। विचार-विमर्श महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर पड़े समुदायों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के साथ-साथ राज्य शासन में प्रवर्तन तंत्र और जवाबदेही को मज़बूत करने पर केंद्रित था।

109 मामलों में से 90 की सुनवाई खुले सत्र में हुई। प्रमुख शिकायतों में अस्पतालों में आग से संबंधित बच्चों की मौत, जंगली जानवरों के हमले, आवारा कुत्तों की धमकियाँ, आदिवासी महिलाओं की तस्करी, पुलिस की ज्यादतियाँ, पेंशन से वंचित करना और बुनियादी ढाँचे की कमी शामिल थीं। उल्लेखनीय रूप से, दलित बंधु योजना के तहत गबन और गुरुकुल स्कूलों में प्रशासनिक खामियों को प्रणालीगत चिंता के क्षेत्रों के रूप में उजागर किया गया।

दो दिवसीय सुनवाई के दौरान आयोग के मुख्य निर्देशों में शामिल हैं: जाति-आधारित बहिष्कार (खम्मम): राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश के बाद लागू भेदभावपूर्ण प्रथाओं को तत्काल समाप्त करना।

गुरुकुल स्कूल की लापरवाही के कारण सचिवों ने 48 मौतों और 886 खाद्य विषाक्तता की घटनाओं के संबंध में चार सप्ताह के भीतर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। आयोग ने पुलिस कदाचार का संज्ञान लिया और तेलंगाना सरकार को गलत गिरफ्तारी और कथित लाठीचार्ज मामले पर विस्तृत दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

डीआरडीओ से जुड़ी इकाई में हुए औद्योगिक विस्फोट के संबंध में, पीड़ितों के परिवारों को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। आवारा कुत्तों के मुद्दे के संबंध में, अधिकारियों को एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विकसित करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, तस्करी में संलिप्तता के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप आदिवासी महिलाओं की तस्करी के दोषी पाए गए एक कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया गया, जिन्हें बाद में बचा लिया गया।

सुनवाई के समानांतर, एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने राज्य नेतृत्व के साथ एक रणनीतिक सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें समय पर अनुपालन, प्रणालीगत निवारक उपायों और बहु-क्षेत्रीय समन्वय पर ज़ोर दिया गया। अध्यक्ष भरत लाल ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संतुलन और व्यवसायों की मानवाधिकार ज़िम्मेदारियों से संबंधित चिंताओं पर ज़ोर दिया।

पूर्ण आयोग की सुनवाई में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें शामिल हैं: महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध, बाल कुपोषण और शैक्षिक अंतराल, मानव-पशु संघर्ष में मौतें, एससी निगम में परिचालन संबंधी विफलताएँ, किसानों और मत्स्य बीज उत्पादकों की शिकायतें, और एलजीबीटीक्यूआई अधिकारों का संरक्षण।

पूर्ण आयोग के सत्र के दौरान, 19 मामलों की जाँच की गई और कुल 49.65 लाख रुपये के मुआवज़े की सिफ़ारिश की गई, जिसमें से 22.50 लाख रुपये पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, 31 मामले बंद कर दिए गए, जिनमें से 29 मामले योग्यता के आधार पर और 2 मामले अनुपालन सत्यापन के बाद बंद किए गए।

एनएचआरसी ने संयुक्त निगरानी और निवारण के रास्ते बनाने के लिए गैर-सरकारी संगठनों, नागरिक समाज के कार्यकर्ताओं और मानवाधिकार रक्षकों के साथ भी बातचीत की। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के महासचिव ने राज्य मानवाधिकार आयोग के साथ सहयोग के महत्व पर ज़ोर दिया और नागरिकों को hrcnet.nic.in के माध्यम से डिजिटल रूप से शिकायतें दर्ज कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

हितधारकों के साथ बातचीत के दौरान, कई चिंताएँ व्यक्त की गईं, जिनमें शामिल हैं: वृद्ध और विकलांग नागरिकों के लिए सहायता; बिस्तर पर पड़े रोगियों के लिए सहायता; और बच्चों के लिए सामाजिक योजनाओं के दस्तावेज़ीकरण और पहुँच में देरी।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने नागरिक समाज के योगदान की प्रशंसा की और निडर एवं निष्पक्ष हस्तक्षेप के माध्यम से संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एनएचआरसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

Janta Se Rishta

BRS ने रेवंत सरकार के तहत तेलंगाना में मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर NHRC का रुख किया

https://jantaserishta.com/amp/local/telangana/brs-approaches-nhrc-over-human-rights-violations-in-telangana-under-revanth-government-4180091

By - Payal

Update: 2025-07-30 09:22 GMT

(एनएचआरसी) में एक याचिका दायर की है, जिसमें कांग्रेस सरकार पर व्यवस्थित मानवाधिकार उल्लंघन और तेलंगाना को भय के राज्य में बदलने का आरोप लगाया गया है। पार्टी ने एनएचआरसी से रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए कथित अत्याचारों, जिनमें लागाचेरला के किसानों पर कार्रवाई, फोन टैपिंग और बीआरएस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक निशाना बनाना शामिल है, की व्यापक और स्वतंत्र जाँच का आदेश देने का आग्रह किया है। बीआरएस ने राज्य पुलिस को कानून के अनुसार निष्पक्ष पंजीकरण और मामलों की जाँच सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी करने की माँग की। इसने राजनीतिक निशाना बनाने पर प्रतिबंध लगाने, पीड़ितों को उचित मुआवज़ा देने और व्यवस्थागत सुधारों को लागू करने का भी अनुरोध किया।

एमएलसी दासोजू श्रवण, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आरएस प्रवीण कुमार, पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी, बीआरएसवी के प्रदेश अध्यक्ष गेलू श्रीनिवास यादव और बीआरएस कानूनी प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत अपनी छह-पृष्ठ की याचिका में, पार्टी ने पुलिस के पक्षपात, मनमानी गिरफ्तारी, राजनीतिक प्रतिशोध और हाशिए पर पड़े समुदायों की उपेक्षा के उदाहरणों का हवाला दिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि पिछले नवंबर में एक फार्मा गाँव के लिए भूमि अधिग्रहण का विरोध करने पर पुलिस ने लागाचेरला में आदिवासियों पर हमला किया था। बीआरएस ने मंत्रियों, नौकरशाहों और विपक्षी नेताओं की जासूसी करने के लिए निगरानी उपकरणों के कथित दुरुपयोग की भी निंदा की और इसे संवैधानिक आपातकाल बताया। अन्य आरोपों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों का राजनीतिकरण, चुनिंदा एफआईआर, बीआरएस कार्यकर्ताओं के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर और प्रतिष्ठा धूमिल करने के उद्देश्य से मीडिया लीक शामिल हैं। याचिका में प्रशासनिक लापरवाही और बाल श्रम के मामलों का हवाला देते हुए राज्य द्वारा संचालित कल्याणकारी आवासीय विद्यालयों में 100 से अधिक मौतों को भी उजागर किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्रवण ने कहा कि रेवंत रेड्डी तेलंगाना को एक निजी जागीर की तरह चला रहे हैं जहाँ कानून के शासन की जगह भय का शासन आ गया है। उन्होंने कहा, "आज जो हो रहा है वह शासन नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा पर एक संगठित हमला है।"

Janta Se Rishta

Telangana: हैदराबाद में एनएचआरसी की सुनवाई में मानव तस्करी पर चिंता

https://jantaserishta.com/local/telangana/nhrc-hearing-in-hyderabad-flags-trafficking-4179409

Subhi30 July 2025 10:14 AM

हैदराबाद: कुमुराम भीम आसिफाबाद जिले में आदिवासी महिलाओं की तस्करी के अलावा, जिसकी इस अखबार ने विशेष रूप से रिपोर्ट की थी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की दो दिवसीय बैठक में गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने, जाति-आधारित बहिष्कार, हिरासत में मौतें और कल्याणकारी योजनाओं में खामियों के मुद्दे छाए रहे। यह बैठक मंगलवार को हैदराबाद में संपन्न हुई।

सुनवाई के दौरान, तेलंगाना भर से 109 मामलों पर सुनवाई हुई और उनमें से 87 का निपटारा किया गया। कार्यवाही दो खंडपीठों और एक पूर्ण आयोग की बैठक में हुई। खंडपीठ-I ने 36 मामलों की सुनवाई की, जबकि खंडपीठ-II ने 51 मामलों की सुनवाई की। हिरासत में मौत और मुआवजे के मामलों सहित उन्नीस उच्च प्राथमिकता वाले मामलों को पूर्ण आयोग ने संभाला।

आयोग ने शादी और नौकरी के बहाने अविवाहित, विधवा और आर्थिक रूप से संकटग्रस्त आदिवासी महिलाओं की तस्करी और उन्हें दूसरे राज्यों में खरीदारों को बेचने का मामला उठाया। रिपोर्ट के कारण एक पुलिस कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया गया और कई पीड़ितों को बचाया गया।

Times of India

111 forest officers graduate in IGNFA's largest 21st-century batch

https://timesofindia.indiatimes.com/city/dehradun/111-forest-officers-graduate-in-ignfas-largest-21st-century-batch/articleshow/123003715.cms

Jul 31, 2025, 03.37 AM IST

Dehradun: A record 111 Indian Forest Service (IFS) officers, including two from Bhutan, graduated from the Indira Gandhi National Forest Academy (IGNFA) on Wednesday, making it the largest batch to pass out in the 21st century since the academy's inception in 1938, according to officials.

The convocation ceremony held at the Forest Research Institute in Dehradun, had former Supreme Court judge and current National Human Rights Commission (NHRC) chairman, Justice V Ramasubramanian, as chief guest. Midhunmohan SB from Kerala received the Topper of the Batch award. The highest number of probationers was from Madhya Pradesh (17), followed by Uttar Pradesh (12) and Gujarat (6). IIT graduates Pranali Ramesh Umare, Rajat Suman, and Aditya Ratna joined the Uttarakhand cadre.

Addressing the officers, the chief guest urged them to uphold integrity, ecological responsibility, and constitutional values as they embark on their professional journey. He shared multiple anecdotes from history books and religious scriptures.

Reminding the young officers that they have joined ‘service, not employment', he said, "Swami Vivekananda said I hold every man a traitor, who, having been educated at the expense of the masses, pays not the least heed to them. You have become an all-India service officer and not an employee. Our ancestors made a very clear distinction between people who take up jobs, who go for employment, and the people who enter service."

Indicating the importance of ensuring a worthy career graph, he added, "Today, as an officer, you might be experiencing a sense of achievement at your convocation ceremony, but during your service period, you will have to perform in a manner that gives you a sense of fulfilment at the time of retirement."

Meanwhile, director of the academy, Jagmohan Sharma, said that is the first batch to pass out after the change in the training course pattern in 2023, after which it included an enhanced focus on artificial intelligence and climate change, among others.

Incidentally, President Droupadi Murmu, who was chief guest at the convocation in April 2024, had indicated revising the IGNFA training curriculum with the changing climate and its effects on the planet. TOI had highlighted the President's piece of advice and concern that reverberated in her speech to the young officers at the IGNFA.

Amar Ujala

Dehradun: देश को मिले 109 आईएफएस अफसर, सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश से, पास आउट होने वाला सबसे बड़ा बैच

https://www.amarujala.com/dehradun/dehradun-news-india-got-109-ifs-officers-pass-out-from-forest-research-institute-2025-07-30?pageId=2

माई सिटी रिपोर्टर, देहरादून Published by: अलका त्यागी Updated Wed, 30 Jul 2025 08:32 PM IST

सार

देहरादून

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला भारतीय वन सेवा का 2023-2025 बैच 21वीं सदी का सबसे बड़ा बैच रहा, जिसमें भूटान के दो और देश के विभिन्न राज्यों के 109 अफसरों ने प्रशिक्षण (कुल 111) प्राप्त किया।

विस्तार

देश को भारतीय वन सेवा के 109 अफसर मिले। इसमें सबसे अधिक आईएफएस मध्य प्रदेश (17) को मिले हैं। वन अनुसंधान संस्थान के सभागार में बुधवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन ने अफसरों को प्रमाणपत्र और मेडल सौंपे। सर्वांगीण उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार केरल कैडर के मिधुनमोहन एसबी को मिला है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला भारतीय वन सेवा का 2023-2025 बैच 21वीं सदी का सबसे बड़ा बैच रहा, जिसमें भूटान के दो और देश के विभिन्न राज्यों के 109 अफसरों ने प्रशिक्षण (कुल 111) प्राप्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन ने अधिकारियों को प्रशिक्षण पूरा करने पर शुभकामना देने के साथ सीख भी दी। उन्होंने कहा कि आगे नौकरी करेंगे, उस दौरान नियमों को कभी न तोड़ें।

नियम तोड़ने पर तत्काल लाभ हो सकता या नियमों का पालन करने पर कुछ परेशानी हो सकती है लेकिन आखिरी में नियम तोड़ने वाले को मुश्किल का सामना करना पड़ता है, जबकि नियमों का पालन करने वाले आगे सुखद परिणाम हासिल करता है। इससे पूर्व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अकादमी के निदेशक डॉ.जगमोहन शर्मा ने रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि भारतीय वन सेवा के अधिकारियों और 14 मित्र राष्ट्रों के 367 वन अधिकारियों ने अब तक संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इस बैच में 22 महिला आईएफएस प्रशिक्षु शामिल हैं। 50 अधिकारियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रशिक्षण के दौरान वानिकी के साथ ही शासन के विभिन्न पक्षों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा समेत विभिन्न संस्थानों के अधिकारी मौजूद थे।

इन राज्यों को मिले आईएफएस

आंध्र प्रदेश- पांच
असम, मेघालय- तीन
बिहार- दो
छत्तीसगढ़- चार
कर्नाटक- छह
गुजरात- छह
हरियाणा- तीन
हिमाचल - पांच
मध्य प्रदेश- 17
महाराष्ट्र- पांच
ओडिशा- छह
पंजाब- एक
राजस्थान- चार
तमिलनाडू- छह
तेलंगाना- एक
त्रिपुरा- एक
उत्तर प्रदेश- 12
उत्तराखंड- तीन
प.बंगाल- छह
एजीएमयूटी- सात
केरल - 2
झारखंड - 4
भूटान - 2

ये पुरस्कार भी दिए गए

सर्वश्रेष्ठ वानिकी- पृथ्वीराज- उत्तर प्रदेश

मुख्य वानिकी विषयों में टॉपर- शोभित जोशी- मध्य प्रदेश

हिल स्मृति पुरस्कार- शोभित जोशी- मध्य प्रदेश

पी श्रीनिवास स्मृति पुरस्कार- अजय गुप्ता- मध्य प्रदेश

संजय कुमार सिंह स्मृति पुरस्कार- नीलम- उत्तर प्रदेश

ईपी जी वन्यजीव प्रबंधन पुरस्कार- अजय गुप्ता- मध्य प्रदेश

केपी सग्रेया श्रेष्ठ वानिकी पुरस्कार - मिधुनमोहन एसबी

नीलगिरी वन्यजीव क्लब पुरस्कार- शुभम सिंह- कर्नाटक

सुलोचना नायडू स्मृति पुरस्कार- अजय गुप्ता- मध्य प्रदेश

कार्ययोजना अभ्यास के लिए डीएच कुलकर्णी पुरस्कार - नीलम एम- उत्तर प्रदेश

बीएन गागुली शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार - मिधुमोहन एसबी

केएम तिवारी स्मृति पुरस्कार - मिधुमोहन एसबी

वरिष्ठ वनपाल पुरस्कार- नीलम एम- उत्तर प्रदेश

द स्पिरीट आफ 1982 प्रथम - पृथ्वीराज केएसबी- उत्तर प्रदेश

द स्पिरीट आफ 1982 द्वितीय - शुभम सिंह- कर्नाटक

Jagran

देश को मिले 109 आइएफएस अफसर, केरल के मिधुनमोहन ने किया टाप

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में 2023-25 बैच के दीक्षांत समारोह में 109 आईएफएस अधिकारी पास हुए। मध्य प्रदेश को सबसे अधिक 17 अधिकारी मिले। केरल के मिधुनमोहन को सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने अधिकारियों को नैतिक दायित्वों का पालन करने की सीख दी। कुल 111 अधिकारियों में 22 महिलाएं शामिल हैं।

https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-109-ifs-officers-join-nation-from-ignfa-midhun-mohan-tops-23999106.html

By Suman semwal Edited By: Nirmala Bohra Updated: Wed, 30 Jul 2025 08:33 PM (IST)

HighLights

109 नए आईएफएस अधिकारी देश को मिले

केरल के मिधुनमोहन बने टॉपर

मध्य प्रदेश को सर्वाधिक 17 अधिकारी

जागरण संवाददाता, देहरादून। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आइजीएनएफए) के वर्ष 2023-2025 बैच के दीक्षा समारोह के साथ ही देश को 109 आइएफएस अफसर मिल गए। जो अब अपने-अपने कैडर के राज्य में युवा वनाधिकारी के रूप में सेवा देंगे।

पासआउट होने वालों में आइएफएस के अलावा दो प्रशिक्षु अधिकारी भूटान के भी हैं। सर्वाधिक 17 अफसर मध्य प्रदेश को मिले हैं। वहीं, दीक्षा समारोह में सर्वांगीण उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार केरल कैडर के मिधुनमोहन एसबी को मिला।

बुधवार को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआइ) के दीक्षांत सभागार में आइजीएनएफए के दीक्षा समारोह का उद्घाटन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी रामसुब्रमण्यन के किया। उन्होंने प्रशिक्षु आइएफएस अधिकारियों को अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान किए गए प्रदर्शन के अनुरूप अवार्ड प्रदान किए।

युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस रामसुब्रमण्यन ने प्रशासनिक दायित्वों के साथ नैतिक एवं सांविधिक प्रतिबद्धताओं के अनुरूप कार्य करने की सीख दी।

अकादमी के निदेशक डा. जगमोहन श्रम ने कहा कि पासआउट होने वाले कुल 111 प्रशिक्षु अधिकारियों में 22 महिला आइएफएस अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि बैच के 50 अधिकारियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंकों से आनर्स डिप्लोमा प्राप्त किया है। इस अवसर पर एफआरआइ की निदेशक डा. रेणु सिंह समेत विभिन्न केंद्रीय और राज्य के वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यवार हिस्से आए युवा आइएफएस अधिकारी

राज्य, संख्या

मध्य प्रदेश, 17

उत्तर प्रदेश, 12

केंद्र शासित प्रदेश, 08

पश्चिम बंगाल, 06

गुजरात, 06

ओडिसा, 06

तमिलनाडु, 06

कर्नाटक, 06

आंध्र प्रदेश, 05

हिमाचल प्रदेश, 05

महाराष्ट्र, 05

झारखंड, 04

छत्तीसगढ़, 04

राजस्थान, 04

उत्तराखंड, 03

असम (मेघालय), 03

हरियाणा, 03

बिहार, 02

केरल, 02

पंजाब, 01

तेलंगाना, 01

त्रिपुरा, 01

इन्हें मिला अवार्ड

केंद्र सरकार के पुरस्कार

सर्वांगीण उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार : मिधुनमोहन एसबी (केरल)

सर्वश्रेष्ठ आल राउंड फारेस्टर : पृथ्वीराज केएस एसबी (उत्तर प्रदेश)

मुख्य वानिकी विषयों में टापर : शोभित जोशी (मध्य प्रदेश)

पी श्रीनिवास स्मृति पुरस्कार : अजय गुप्ता (मध्य प्रदेश)

संजय कुमार सिंह स्मृति पुरस्कार : नीलम (उत्तर प्रदेश)

डोनर पुरस्कार

हिम स्मृति पुरस्कार : शोभित जोशी (मध्य प्रदेश)

डीसी अग्रवाल पुरस्कार : मथुआरसी एम (पश्चिम बंगाल)

ईपीजी वन्यजीव प्रबंधन पुरस्कार : सोनू कुमार (बिहार)

आरएन माथुर स्मृति पुरस्कार : अजय गुप्ता (मध्य प्रदेश)

केपी सग्रेया श्रेष्ठ फारेस्टर पुरस्कार : मिधुनमोहन एसबी (केरल)

नीलगिरि वन्यजीव क्लब पुरस्कार : शुभम सिंह तंवर (कर्नाटक)

सुलोचना नायडू स्मृति पुरस्कार : अजय गुप्ता (मध्य प्रदेश)

The New Indian Express

CM stand unacceptable, law on honour killing must: CPM politburo member

“Political parties should take a firm stand regarding dowry harassment. Film actors should announce that they will not receive dowry,” Vasuki said.

https://www.newindianexpress.com/states/tamil-nadu/2025/Jul/31/cm-stand-unacceptable-law-on-honour-killing-must-cpm-politburo-member

Express News Service | Updated on: 31 Jul 2025, 8:12 am

2 min read

KANNIYAKUMARI/MADURAI: CPM politburo member U Vasuki on Wednesday said the state government should enact a law to prevent castebased killings.

Speaking to reporters, Vasuki, who is also the all India vice president of the All India Democratic Women’s Association (AIDWA), said, “Chief Minister M K Stalin’s stand that existing laws are adequate to prevent caste-based killings is not acceptable.”

A special session of the TN Assembly should be convened to enact separate legislation as crime and atrocities against women and children are increasing in the state, she added.

“Political parties should take a firm stand regarding dowry harassment. Film actors should announce that they will not receive dowry,” Vasuki said.

Meanwhile, addressing reporters in Madurai, A Kathir, executive director of Evidence — an NGO working for rights of the SC/ST community — said that the National Law Commission of India, National Human Rights Commission, National Commission for Scheduled Castes, National Commission for Women and National Commission for Minorities should come together and prepare a draft model for a special Act against honour killing, as per the apex court’s guidelines.

“The Supreme Court has given 20 guidelines in the Shakti Vahini vs Union of India case on March 27, 2018, to prevent honour killings. One such guideline instructs states to implement a special Act against honour killings. When CM Stalin was the opposition leader, he said that the DMK will enact a separate law against honour killings.However, after coming to power, he has said that there is no need for such a law,” Kathir said.

The SC must take suo motu cognisance against states that have not adopted guidelines issued by it in the 2018 case, he added.

Nainar, Kanimozhi react

Three days after the caste-based killing of Dalit youth C Kavin Selvaganesh, Tamil Nadu BJP president and Tirunelveli MLA Nainar Nagenthran on Wednesday issued a statement condemning the incident and urging the state government to act against such crimes. Calling the killing an inhuman act, he also expressed condolences to the family.

“I urge the Tamil Nadu police and the ruling DMK government to take appropriate measures to prevent such continuing cases of caste atrocities, sexual violence, drug-related issues, murders and robberies in the state,” he said. The delayed response from prominent leaders, including Nagenthran, drew criticism on social media.

Meanwhile, in a social media post on Wednesday, DMK MP from Thoothukudi, Kanimozhi Karunanidhi, expressed shock and grief over the honour killing. CPI state president R Mutharasan also condemned it, demanding stringent punishment for the accused and urging the state to enact a separate law to prevent honour killings.

THE NEWS AGENCY, Online, 31.7.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

The News Agency

Supreme Court Upholds Acquittals of Moninder Singh Pandher and Surendra Koli in Nithari Killings Case

https://www.thenewsagency.in/india/supreme-court-upholds-acquittals-of-moninder-singh-pandher-and-surendra-koli-in-nithari-killings-case/

Mohit Dubey | 3 min read

New Delhi, July 31 (TNA) The Supreme Court of India, in the infamous 2006 Nithari serial killings case, granted relief to the accused Moninder Singh Pandher and Surendra Koli by upholding their acquittals in multiple cases related to the crimes.

A bench led by Chief Justice of India BR Gavai, along with Justices Satish Chandra Sharma and K Vinod Chandran, dismissed 14 appeals filed by the Central Bureau of Investigation (CBI), the Uttar Pradesh government, and victim families that challenged the acquittal orders issued by the Allahabad High Court in 2023. The Supreme Court found “no perversity” in the High Court’s judgment, which had overturned the earlier convictions based largely on circumstantial evidence that was ruled insufficient to prove guilt “beyond a reasonable doubt.”

Key legal issues included lapses in the investigation, especially concerning the recovery of critical evidence such as human skulls and victims’ belongings.

The Court emphasised that under Section 27 of the Indian Evidence Act, recoveries must be made following a voluntary statement from the accused and from locations exclusively known to them for the evidence to be admissible. The investigation had failed on these points, weakening the prosecution’s case.

The verdict has been met with mixed reactions, as families of the victims and victims’ rights advocates express distress over the acquittals amid criticism of investigative agencies for procedural lapses and mishandling of vital evidence.

